NEERAJ®

Serving Education for Last 40 Years

# M.H.D. -6

# हिन्दी भाषा और साहित्य का इतिहास

**Chapter Wise Reference Book**
**Including Many Solved Sample Papers**

*Based on*

# I.G.N.O.U.

**& Various Central, State & Other Open Universities**

By: *Dr. Ram Vilas Gupt,* M.A., Ph.D.

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*(Publishers of Educational Books)*

Retail Sales Office:

1507, First Floor, Nai Sarak, Delhi - 6 | Mob.: 8510009872, 8510009878

E-mail : info@neerajbooks.com Website : www.neerajbooks.com

MRP ₹ 400/-

Published by:

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*(Publishers of Educational Books)*

Retail Sales Office: 1507, First Floor, Nai Sarak, Delhi - 6 | Mob.: 8510009872, 8510009878

E-mail : info@neerajbooks.com Website : www.neerajbooks.com

**© Copyright Reserved with the Publishers only.**

***Reprint Edition with Updation of Sample Question Paper Only***

Typesetting by: Competent Computers, Printed at: Novelty Printing Press

*Disclaimer/T&C*

1. *For the best & up-to-date study & results, please prefer the recommended textbooks/study material only.*
2. *This book is just a Guide Book/Reference Book published by NEERAJ PUBLICATIONS based on the suggested syllabus by a particular Board/University.*
3. *These books are prepared by the author for the help, guidance and reference of the student to get an idea of how he/she can study easily in a short time duration. Content matter & Sample answers given in this Book may be Seen as the Guide/Reference Material only. Neither the publisher nor the author or seller will be responsible for any damage or loss due to any mistake, error or discrepancy as we do not claim the Accuracy of these Solutions/Answers. Any Omission or Error is highly regretted though every care has been taken while preparing, printing, composing and proofreading of these Books. As all the Composing, Printing, Publishing and Proof Reading, etc., are done by Human only and chances of Human Error could not be denied. Any mistake, error or discrepancy noted may be brought to the publishers notice which shall be taken care of in the next edition and thereafter as a good gesture by our company he/she would be provided the rectified Book free of cost. Please consult your Teacher/Tutor or refer to the prescribed & recommended study material of the university/board/institute/ Govt. of India Publication or notification if you have any doubts or confusions regarding any information, data, concept, results, etc. before you appear in the exam or Prepare your Assignments before submitting to the University/Board/Institute.*
4. *In case of any dispute whatsoever the maximum anybody can claim against NEERAJ PUBLICATIONS is just for the price of the Book.*
5. *The number of questions in NEERAJ study materials are indicative of general scope and design of the question paper.*
6. *Any type of ONLINE Sale/Resale of "NEERAJ BOOKS" published by "NEERAJ PUBLICATIONS" in Printed Book format (Hard Copy), Soft Copy, E-book on any Website, Web Portals, any Social Media Platforms – Youtube, Facebook, Twitter, Instagram, Telegram, LinkedIn etc. and also on any Online Shopping Sites, like – Amazon, Flipkart, eBay, Snapdeal, Meesho, Kindle, etc., is strictly not permitted without prior written permission from NEERAJ PUBLICATIONS. Any such online sale activity of any NEERAJ BOOK in Printed Book format (Hard Copy), Soft Copy, E-book format by an Individual, Company, Dealer, Bookseller, Book Trader or Distributor will be termed as ILLEGAL SALE of NEERAJ BOOKS and will invite legal action against the offenders.*
7. *The User agrees Not to reproduce, duplicate, copy, sell, resell or exploit for any commercial purposes, any portion of these Books without the written permission of the publisher. This book or part thereof cannot be translated or reproduced in any form (except for review or criticism) without the written permission of the publishers.*
8. *All material prewritten or custom written is intended for the sole purpose of research and exemplary purposes only. We encourage you to use our material as a research and study aid only. Plagiarism is a crime, and we condone such behaviour. Please use our material responsibly.*
9. *All matters, terms & disputes are subject to Delhi Jurisdiction only.*

**Get books by Post & Pay Cash on Delivery :**

If you want to Buy NEERAJ BOOKS by post then please order your complete requirement at our Website www.neerajbooks.com where you can select your Required NEERAJ BOOKS after seeing the Details of the Course, Subject, Printed Price & the Cover-pages (Title) of NEERAJ BOOKS.

While placing your Order at our Website www.neerajbooks.com You may also avail the "Special Discount Schemes" being offered at our Official website www.neerajbooks.com.

No need to pay in advance as you may pay "Cash on Delivery" (All The Payment including the Price of the Book & the Postal Charges, etc.) are to be Paid to the Delivery Person at the time when You take the Delivery of the Books & they shall Pass the Value of the Goods to us. We usually dispatch the books Nearly within 2-3 days after we receive your order and it takes Nearly 3-4 days in the postal service to reach your Destination (In total it take nearly 6-7 days).

## Content

# हिन्दी भाषा और साहित्य का इतिहास

*Question Bank – (Previous Year Solved Question Papers)*


Question Paper—June-2023 (Solved) .......... 1-2
Question Paper—December-2022 (Solved) .......... 1-2
Question Paper—Exam Held in March-2022 (Solved) .......... 1-3
Question Paper—Exam Held in June-2021 (Solved) .......... 1
Question Paper—Exam Held in February-2021 (Solved) .......... 1-3
Question Paper—December, 2019 (Solved) .......... 1-4
Question Paper—June, 2019 (Solved) .......... 1-5
Question Paper—December, 2018 (Solved) .......... 1-4
Question Paper—June, 2018 (Solved) .......... 1-3
Question Paper—December, 2017 (Solved) .......... 1-2
Question Paper—June, 2017 (Solved) .......... 1-3

| S.No. | Chapterwise Reference Book | Page |
|---|---|---|
| | **हिन्दी साहित्य के इतिहास की भूमिका और आदिकाल** | |
| 1. | काल-विभाजन और नामकरण | 1 |
| 2. | आदिकाल की पृष्ठभूमि | 13 |
| 3. | सिद्ध, नाथ और जैन साहित्य | 21 |
| 4. | रासो काव्य एवं लौकिक साहित्य | 30 |
| | **भक्तिकालीन साहित्य** | |
| 5. | भक्तिकाल की पृष्ठभूमि | 41 |
| 6. | निर्गुण ज्ञानमार्गी संत काव्यधारा | 50 |
| 7. | निर्गुण प्रेममार्गी सूफी काव्यधारा | 60 |

| S.No. | Chapterwise Reference Book | Page |
|---|---|---|
| 8. | कृष्ण-भक्ति काव्य | 67 |
| 9. | राम-भक्ति काव्य | 77 |
| **रीतिकालीन साहित्य** | | |
| 10. | रीतिकालीन कविता की पृष्ठभूमि और आधार | 84 |
| 11. | रीतिकालीन कविता का स्वरूप | 90 |
| **आधुनिक साहित्य–I** | | |
| 12. | आधुनिक काल के साहित्य की पृष्ठभूमि | 98 |
| 13. | भारतेन्दु युग | 103 |
| 14. | द्विवेदी युग | 109 |
| 15. | छायावाद | 115 |
| **आधुनिक साहित्य–II** | | |
| 16. | उत्तर-छायावादी कविता | 123 |
| 17. | प्रगतिशील साहित्य | 129 |
| 18. | प्रयोगवाद और नयी कविता | 135 |
| 19. | समकालीन कविता | 141 |
| **आधुनिक हिन्दी गद्य साहित्य** | | |
| 20. | हिन्दी कथा-साहित्य | 147 |
| 21. | हिन्दी नाट्य साहित्य | 156 |
| 22. | हिन्दी आलोचना | 160 |
| 23. | निबन्ध एवं अन्य गद्य विधाएं | 164 |
| 24. | उर्दू साहित्य का परिचय | 174 |

| S.No. | Chapterwise Reference Book | Page |
|---|---|---|


**भारतीय आर्य भाषाएं**

25. विश्व की भाषाएं और भारतीय भाषा-परिवार 222
26. भारोपीय परिवार और भारतीय आर्य भाषाएं 239
27. संस्कृत से अपभ्रंश तक 241
28. आधुनिक आर्य भाषाओं का विकास 242

**हिन्दी भाषा का विकास**

29. हिन्दी भाषा का विकास–I 244
30. हिन्दी भाषा का विकास–II 245
31. हिन्दी भाषा का रूप-विकास 246
32. देवनागरी लिपि का विकास 247


■■

# Sample Preview
# of the
# Solved
# Sample Question
# Papers

*Published by:*

**NEERAJ**
**PUBLICATIONS**
www.neerajbooks.com

# QUESTION PAPER

*June – 2023*

*(Solved)*

## हिन्दी भाषा और साहित्य का इतिहास **M.H.D.-6**

*समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 100*

***नोट :** कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

**प्रश्न 1. आदिकालीन साहित्य की प्रवृत्तियों का विवेचन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-4, पृष्ठ-40, 'क

**प्रश्न 2. 'निर्गुण' का अर्थ स्पष्ट करते हुए प्रमुख संत कवियों का परिचय दीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-6, पृष्ठ-51, 'निर्गुण-अर्थ एवं स्वरूप', पृष्ठ-52, 'प्रमुख संत कवि'

**प्रश्न 3. रीति मुक्त काव्य के प्रमुख कवियों का परिचय दीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-11, पृष्ठ-94, 'रीतिमुक्त काव्य'

**प्रश्न 4. छायावाद की प्रमुख विशेषताओं का विवेचन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-15, पृष्ठ-120, 'छायावाद की मूल प्रवृत्तिया'

**प्रश्न 5. प्रगतिवादी कविता की प्रमुख प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-17, पृष्ठ-133, 'प्रगतिशील कविता की प्रमुख प्रवृत्तियां'

**प्रश्न 6. समकालीन हिन्दी कविता का स्वरूप स्पष्ट करते हुए उसके शिल्प-पक्ष पर विचार कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-19, पृष्ठ-141, 'समकालीन कविता : स्वरूप और दृष्टि', पृष्ठ-145, 'समकालीन कविता का शिल्प पक्ष'

**प्रश्न 7. हिन्दी कहानी की विकास-यात्रा पर निबंध लिखिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-2, पृष्ठ-147, 'हिन्दी कहानी'

**प्रश्न 8. भारतीय आर्य भाषाओं के विकास-क्रम का विवेचन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-26, पृष्ठ-239, 'भारतीय आर्य भाषा'

**प्रश्न 9. प्रयोजनमूलक हिन्दी की संकल्पना स्पष्ट करते हुए हिन्दी की प्रमुख भूमिकाओं की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–**भाषा समाज में संप्रेषण का माध्यम है। आधु सीसीनिक जीवन के कई क्षेत्रों में भाषा के माध्यम से संप्रेषण होता है, जैसे कार्यालयों में विज्ञान के क्षेत्र में यह युग की माँग है। इन क्षेत्रों में भाषा के इस्तेमाल के लिए योजना बनाना, व्यवहार के लिए भाषा को विकसित करना, व्यक्तियों में व्यवहार की योग्यता पैदा करना ये प्रयोजनमूलक भाषा के आयाम हैं। इस तरह प्रयोजन मूलक भाषा व्यवसाय से जुड़ती है, समाज की आवश्यकताओं से जुड़ती है। सामान्यत: साहित्यकपरक भाषा का अध्ययन व्यक्ति सापेक्ष है, वैयक्तिक अनुभूति के लिए है, प्रयोजनमूलक भाषा सामाजिक प्रयोजनों से जुड़ता है; समाज सापेक्ष है। इसके लिए पूरे देश के संदर्भ में भाषा नियोजन करना पड़ता है। साहित्यिक भाषा का विकास प्रयासों से साहित्य की भाषा में हर विचलन ( जो संप्रेषित करे ) और समस्त पर्याय स्वीकार्य हैं, उनपर पाबंदी नहीं, प्रयोजनमूलक भाषा विपरीत होती है।

प्रयोजनमूलक हिंदी की चर्चा के साथ-साथ हम प्रयुक्ति या रजिस्टर की संकल्पना को देखते हैं। प्रयुक्ति किसी सामाजिक संदर्भ में प्रयुक्त भाषा के प्रकार का नाम है। समाज के स्तर भेदों में प्रयुक्त भाषा सामाजिक प्रयुक्ति है, जैसे मित्र के साथ भाषा, बाजार में भाषा आदि। प्रयोजनमूलक प्रयुक्ति भाषा के उस रूप को स्पष्ट करता है जो किसी विषय क्षेत्र में प्रयुक्त हो। (यहाँ हमें बोली और प्रयुक्ति में अंतर करना होगा बोली वर्गगत है, जबकि प्रयुक्ति व्यक्तिगत प्रयुक्ति बोली के भीतर है)। प्रयोजनमूलक प्रयुक्ति का क्षेत्र वैज्ञानिक विश्लेषण और वर्णन का है। प्रयोजनपरक प्रयुक्ति एक सुनिश्चित भाषिक रूप है, एक समुदाय का व्यवहृत रूप है एक तरफ प्रयोजनमूलक भाषा के स्वरूप शब्दावली तथा वाक्य रचना का वैज्ञानिक अध्ययन किया जाता है। फिर प्रयोजनमूलक भाषा के शिक्षण की योजना होती है। प्रयोजनमूलक शिक्षण आधुनिक युग की देन है। प्रयुक्ति का भाषिक स्वरूप - प्रयुक्ति की वाक्य संरचना का अपना स्वरूप होता है। नयी रचना से अधिक प्रयोजनों के लिए किन्हीं पुरानी रचनाओं पर बल (कार्यालय हिंदी में वाच्य)। पारिभाषिक शब्दों के प्रयोग के साथ शाब्दिक सहप्रयोग भी महत्वपूर्ण हैं (मुझे यह कहने का निदेश ... ) । आवश्यकतानुसार नये शब्दों और प्रयोगों की सृष्टि होती है । भाषा की मूल प्रकृति

से संगति , स्पष्टता आदि के संदर्भ में विकास किया जाना चाहिए।

**हिंदी की भूमिकाएँ–**हिंदी एक जन समुदाय की भाषा है । हर जन समुदाय की भाषा के साथ कई भूमिकाएँ जुड़ती है । वह सामान्य संप्रेषण के साथ – साथ साहित्यिक भाषा बनती है धर्म की भाषा बनती हैं। इन्हीं प्रकार्यों को हम भाषा की भूमिकाएँ ( तवसमे ) कहते हैं । इस संदर्भ में हिंदी की कुछ विशिष्ट भूमिकाएँ हैं । देश की बहुसंख्यक तथा प्रमुख भाषा होने के नाते वह संपर्क भाषा की भूमिका का निर्वाह करती है । इसी संपर्क की भूमिका के संदर्भ में उसे राष्ट्रभाषा का दर्जा दिया जाता है । राष्ट्रीय स्तर पर इस संपर्क को प्रशासन , शिक्षा , वाणिज्य व्यापार आदि क्षेत्रों में औपचारिक स्वीकृति देने पर वह राजभाषा कहलाती है । राजभाषा के संदर्भ में ही हम प्रयोजनमूलक हिंदी की प्रमुख भूमिकाओं की चर्चा करेंगे और इन भूमिकाओं के विकासक्रम का अवलोकन करेंगे।

राजभाषा और राष्ट्रभाषा संपर्क का सूत्र इस बात से कोई इन्कार नहीं कर सकता कि इस देश को सांस्कृतिक और भाषिक स्तर पर जोड़ने का महत्वपूर्ण दायित्व संस्कृत भाषा पर था जिसे उसने लगभग तीन हजार वर्षों तक निभाया । संस्कृत की पुत्री कही जाने वाली मध्य देश की भाषा श हिंदी श ने आधुनिक युग में यह दायित्व अपने ऊपर ले लिया। विरासत में मिला यह दायित्व हिंदी का ऐसा प्रयोजनपरक प्रकार्य है जो उसपर थोपा नहीं गया है और जिसकी आवश्यकता सभी ने महसूस की है। आज से लगभग दो सौ वर्ष पहले राजा राममोहन राय ने बंगाल से यह घोषणा की थी कि हिंदी में ही अखिल भारतीय भाषा बनने की क्षमता है । तब से आज तक देश के विभिन्न प्रांतों में अबाध गति से हिंदी की प्रांजल धारा प्रवाहित हो रही है किसी ने इसको चुनौती नहीं दी है । गंगाल में ब्रज बुलि में साहित्य लिखना प्रारंभ हुआ तो दक्षिण में स्वाति तिरुनाल ने ब्रजभाषा में कविता की रचना की । उन्नीसवीं शताब्दी में आंध्र प्रदेश में पुरुषोत्तम कवि ने खड़ी बोली हिंदी में कई नाटकों का प्रणयन किया और उनका सफलतापूर्वक मंचन किया । आजादी की लड़ाई के साथ – साथ स्वराज्य की संकल्पना में हिंदी भाषा अपने आप एक महत्वपूर्ण उपादान बनकर सामने आई । उस समय लगभग सभी ने सोचा कि भारत को एक राष्ट्र के रूप में देखना है तो उस स्वप्न को साकार करने में राष्ट्रभाषा हिंदी की एक अहम भूमिका है। इस संदर्भ में महात्मा गांधी कहते हैं ष अगर हिंदुस्तान को सचमुच एक राष्ट्र बनाना है , तो चाहे कोई माने या न माने , राष्ट्रभाषा तो हिंदी ही हो सकती है क्योंकि जो स्थान हिंदी को प्राप्त है, वह किसी दूसरी भाषा को कभी नहीं मिल सकता। 1947 में स्वतंत्रता के बाद एक समस्या हमारे सामने मुँह बाए खड़ी थी। उस समय यह कल्पना थी कि जब अंग्रेज देश छोड़कर चले जाएँगे तो उनके साथ अंग्रेजी की महत्ता और अनिवार्यता भी चली जाएगी। उस स्थिति में इस देश में शासन के कार्य के लिए उपयुक्त भाषा की आवश्यकता होगी। वह हिंदी ही होगी। संविधान के निर्माताओं ने एकमत होकर नागरी लिपि में लिखी हिंदी भाषा को देश की राजभाषा घोषित किया और कल्पना की कि गणतंत्र बनने के 15 वर्षों में हिंदी भाषा समस्त देश के शासन तंत्र के समस्त कार्यों की भाषा होगी और इसी प्रकार्य को उन्होंने राजभाषा कहा । हम भाषा से संबंधित कई मंचों पर लोगों का यह निराशावादी स्वर सुन सकते हैं कि हिंदी को राष्ट्रभाषा की जगह राजभाषा का दर्जा क्यों दिया गया है ? शायद उन विद्वानों की राय में यह हिंदी की गरिमा की दृष्टि से कुछ निम्न स्तर का दर्जा है । आज भी लोग यही कहना पसंद करते हैं हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है । शायद उनके अनुसार हिंदी का राजभाषा होना उसकी दूसरे दर्जे की मान्यता है । यह प्रश्न अपने आप में हमको कहीं आंदोलित करता है । क्या हमने हिंदी भाषा को उसके महत्तम स्थान से घटाकर कहीं निम्न दर्जे का स्थान तो नहीं दे दिया है ? क्या कारण है कि हम हिंदी को राष्ट्रभाषा नहीं कह पाते? इस चिंतन के पीछे मूल्य का एक प्रश्न जुड़ा हुआ है। जब हम राजभाषा की बात करते हैं तो हमारे सामने शासन तंत्र के सारे पत्राचार और टिप्पण – आलेखन की एक कृत्रिम भाषा का रूप आता है। अक्सर यह भी कहा जाता है कि यह भाषा अनुवाद की भाषा है और अपने स्वाभाविक ओज और अपनी साहित्यिक गरिमा से हटा हुआ कृत्रिम सा रूप ही इसका स्वरूप हैं। यही कारण है कि लोग इस भाषा के लिए श राजभाषा श नामकरण से प्रसन्न नहीं होते। इस संदर्भ में यह बहुत आवश्यक है कि हम राजभाषा और राष्ट्रभाषा की संकल्पना से परिचित हों और इन दोनों के पारस्परिक संबंध में इन भाषा – रूपों की वास्तविकता को पहचानें । इस प्रयत्न में सबसे पहले संपर्क भाषा श की संकल्पना को समझ लेना आवश्यक होगा। संस्कृत भाषा वास्तव में इस पूरे उपमहाद्वीप को जोड़ने वाली भाषा थी भले ही उस समय आधुनिक संदर्भ में राष्ट्र की संकल्पना नहीं थी और देश अलग – अलग राज्यों में बँटा हुआ था । फिर भी समस्त देश में एक सांस्कृतिक अंतर्धारा बह रही थी जिसका माध्यम पहले संस्कृत भाषा थी और धीरे – धीरे वह अंतर्धारा आधुनिक भाषाओं के माध्यम से प्रवाहित होने लगी थी । यही अंतर्धारा भारतवासियों के मन में भारत को एक सांस्कृतिक इकाई के रूप में देखने में सहायक रही । देश के लोगों के लिए बद्रीनाथ और रामेश्वर या द्वारिका और पुरी देश के चार कोने नहीं थे , बल्कि इस अखंड धारा के चार महत्वपूर्ण स्तंभ थे । यही बात हम साहित्य जगत में भी देखते हैं । आधुनिक युग तक सारी भारतीय भाषाओं के साहित्य का स्वर एक जैसा मुखर था और उसमें कोई विलगता या दिशांतरता नहीं थी । आधुनिक युग में हिंदी भाषा ने इसी अविच्छिन्न धारा को अपने में समाहित किया है

अंतर्राष्ट्रीय भाषा के रूप में हिंदी हिंदी भारत की राजभाषा है, सामान्य जनसंपर्क की भाषा है, देश की एकता का सूत्र है अंतर्राष्ट्रीय संदर्भ में इसकी क्या भूमिका है? क्या यह एक अंतर्राष्ट्रीय भाषा है? हमारे सामने जो तथ्य हैं, वे यह स्पष्ट करते हैं कि विश्व स्तर पर इसकी एक महत्वपूर्ण भूमिका है । भारत के बाहर 10 देशों

# Sample Preview
# of
# The Chapter

*Published by:*

NEERAJ
PUBLICATIONS
www.neerajbooks.com

NEERAJ®

# एम. एच. डी. - 6
# हिन्दी भाषा और साहित्य का इतिहास

खण्ड-1 हिन्दी साहित्य के इतिहास की भूमिका और आदिकाल

## विभाजन और नामकरण

1

NEERAJ PUBLICATIONS www.neerajbooks.com

इकाई की रूपरेखा


*1.0 उद्देश्य*
*1.1 प्रस्तावना*
*1.2 पण्ष्ठभूमि*
*1.3 काल-विभाजन की समस्याएं*
*1.4 काल-विभाजन के आधार*
*1.5 नामकरण के आधार*
*1.6 हिन्दी साहित्य में प्रचलित काल-विभाजन और नामकरण*
*1.7 आदिकाल का सीमा-निर्धारण*
*1.8 आदिकाल का नामकरण*
*1.9 भक्तिकाल काल : काल विभाजन और नामकरण*
*1.10 रीतिकाल का सीमा-निर्धारण*
*1.11 रीतिकाल : नामकरण*
*1.12 आधुनिक काल की पण्ष्ठभूमि*
*1.13 आधुनिक काल संवेदना के आधार*
*1.13.1. भारतेन्दु युग का काल-विभाजन और नामकरण*
*1.13.2. द्विवेदी युग*
*1.13.3. छायावाद*
*1.13.4. छायावादोत्तर*
*1.14. सारांश*
*1.15 अभ्यास प्रश्न*


### 1.1 प्रस्तावना

हिन्दी साहित्य के इतिहास को अब हम देखते हैं तब हमारे लिए सबसे बड़ी कठिनाई यह सामने आ जाती है कि लगभग ए क हजार वर्षों के लम्बे इतिहास को कैसे हम समझें। इसी तरह हमारे लिए एक बहुत बड़ा प्रश्न आ जाता है कि इस लम्बे साहित्य के इतिहास के काल-विभाजन और नामकरण की अनिवार्यता क्या है ? इसे इतिहास के किस प्रकार के तथ्यों से पुष्ट किया जाता है ? यह प्रश्न भी कि क्या इतिहास का कोई कालखण्ड या युग इतिहास की तथ्यगत सच्चाई को प्रदर्शित करता है या इतिहासकार अपनी सोच-समझ से इसे प्रस्तुत करता है। इस प्रकार के ढेर सारे प्रश्नों का समाधान करते हुए ही हम इतिहास का सही विभाजन कर सकते हैं। इससे हम इतिहास के काल-विभाजन के आधारों को समझ सकते हैं।

## 1.2 पृष्ठभूमि

इतिहास बोध को हम आलोचनात्मक चेतना कह सकते हैं। यह चेतना जीवन और संस्कृति की पर्यवेक्षिका स्वरूप होती है। इससे समाज और साहित्य के परस्पर सम्बन्धों को हम भली-भाँति समझ लेते हैं। इसलिए साहित्य का इतिहासकार इन परस्पर सम्बन्धों परिवर्तनों का जितनी गहराई से अनुभव करेगा, वह उतना ही प्रमाणिक काल विभाजन प्रस्तुत करेगा। इसीलिए आचार्य रामचन्द्र शुक्ल की प्रखर आलोचनात्मक दृष्टि की ओर हम बार-बार देखते हैं। उन्होंने अपने शोधपूर्ण ग्रन्थ '*हिन्दी साहित्य का इतिहास*' में लिखा है –

"शिक्षित जनता की जिन-जिन अवृत्तियों के अनुसार हमारे सहित्य के स्वरूप में जो-जो परिवर्तलन होते आए हैं, जिन-जिन प्रभावों की प्रेरणा से काव्यधारा की भिन्न-भिन्न शाखाएँ फूटती रही हैं, उन सबके सम्यक् निरूपण तथा उनकी दृष्टि से किए हुए सुसंगत काल-विभाजन के बिना साहित्य के इतिहास का सच्चा अध्ययन कठिन दिखाई पड़ता था। सात-आठ सौ वर्षों की संचित ग्रंथ राशि सामने लगी हुई थी, पर ऐसी निर्दिष्ट सारणियों की उद्भावना नहीं हुई थी, जिसके अनुसार सुगमता से प्रभूत सामग्री का वर्गीकरण होता।"

उपर्युक्त कथन का अभिप्राय यही है कि ठोस इतिहास की दृष्टि से ही सुसंगत काल-विभाजन किया जा सकता है। इससे ही इतिहास का अध्ययन सुगम हो सकता है।

## 1.3 काल-विभाजन की समस्याएँ

इतिहास या समाजशास्त्र में किसी घटना को आधार बनाकर एक रेखा खींची जा सकती है। उदाहरण के लिए, इतिहास में पुनर्जागरण का आरंभ सामान्यतः तुर्कों के हाथों कुस्तुनतुनिया की हार के समय से स्वीकार किया जाता है। लेकिन साहित्य के इतिहास लेखक के लिए साहित्यिक रुझान को समझना कठिन होता है। इसका यही कारण है कि साहित्यिक रुझान के परिवर्तन का कोई समय तय नहीं होता है। इस प्रकार की प्रवृत्ति को आधार बना लिया जाए, तो यह देखा जा सकता है कि जब साहित्य में एक प्रकार की प्रवृत्ति गतिशील होती है, तो उसके समानान्तर कभी-कभी प्रतिरोधी प्रवृत्ति भी गतिशील हो उठती है। इससे काल-विभाजन की बहुत बड़ी समस्या खड़ी हो जाती है।

काल-विभाजन की दूसरी समस्या संक्रति काल को लेकर होती है। संक्रमण काल के जिन बिन्दुओं पर इतिहास के दो युगों को तोड़ा जाता है, वहाँ इतिहासकार की चिन्तनधारा ही विच्छिन्न नहीं होती है, अपितु इस टूटने की प्रक्रिया में बहुत कुछ दूर हो जाता है।

काल-विभाजन की तीसरी समस्या है–साहित्य के इतिहास में और राजनीतिक इतिहास में समानता को मान लेना। इससे सही काल-विभाजन नहीं हो सकता है।

## 1.4 काल-विभाजन के आधार

हिन्दी-साहित्य के इतिहास के अध्ययन की सुविधा के लिए कुछ विद्वानों ने इसे कुछ विशिष्ट कालखंडों में विभाजित किया है। काल-विभाजन से साहित्य की मुख्य धाराओं के विषय-बोध में वैज्ञानिकता और सैद्धान्तिक गम्भीरता का पुट आ जाता है। सामान्यतः किसी भी साहित्य के इतिहास का काल-विभाजन कृति, कर्ता, पद्धति या शैली तथा विषय के आधार पर किया जाता है। जब किसी काल में प्रवृत्ति का मुख्य आधार नहीं मिलता, तो उस युग के सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण साहित्यकार के नाम से उस सम्पूर्ण कालखंड की साहित्यिक विशेषताओं को जानने का प्रयास किया जाता है। काल-विभाजन के लिए यदि कोई विशिष्ट आधार नहीं मिलता, तब समग्र काल को आदि, मध्य और आधुनिक काल में विभाजित कर लिया जाता है। इस प्रकार का काल-विभाजन पर्याप्त रूप से प्रचलित है, परन्तु यह वैज्ञानिक कसौटी पर खरा नहीं उतरता। वस्तुतः हिन्दी-साहित्य के इतिहास के अध्ययन के लिए प्रवृत्तियों पर आधारित काल-विभाजन ही अधिक उचित कहा जा सकता है, जैसे–भक्तिकाल, रीतिकाल आदि।

हिन्दी साहित्य के इतिहास ग्रन्थों में काल-विभाजन के लिए चार पद्धतियों का सहारा लिया गया है। पहली पद्धति के अनुसार सम्पूर्ण इतिहास का विभाजन चार युगों या कालखण्डों में किया गया है– (1) आदिकाल, (2) भक्तिकाल, (3) रीतिकाल, और (4) आधुनिक काल। आचार्य शुक्ल और उनके अनुयायियों ने नागरी प्रचारिणी सभा के इतिहास ग्रन्थों में इसी परम्परा को अपनाया है। दूसरी पद्धति में केवल तीन युगों– (1) आदिकाल, (2) मध्यकाल, और (3) आधुनिककाल में कल्पना की है। डॉ० गणपतिचन्द्र गुप्त तथा भारतीय हिन्दी परिषद् के विद्वान् लेखकों ने इसे स्वीकार किया है। इसके पीछे उनका तर्क यह है कि मध्यकालीन चेतना प्रायः एक सी रही है। तीसरी पद्धति साहित्य का विभाजन विधाक्रम से करती है। यह पद्धति साहित्यशास्त्र के अनुकूल है। इस प्रकार के अनेक इतिहास अथवा खण्ड इतिहास हिन्दी में उपलब्ध हैं। एक और पद्धति है, जो शुद्ध कालक्रम के अनुसार वस्तुगत विभाजन को ही यथार्थ एवं वास्तविक स्वीकार करती है।

चूंकि साहित्य के इतिहास में युग चेतना और साहित्य चेतना का अनिवार्य योग रहता है अतः साहित्य के विभाजन में भी ऐतिहासिक कालक्रम और साहित्य विधा दोनों का आधार ग्रहण करना होगा। इस समन्वय पद्धति को स्वीकार कर लेने पर हिन्दी साहित्य के काल-विभाजन की समस्व्या का समाधान बहुत कुछ हो जाता है। सातवीं से लेकर ग्यारहवीं सदी तक प्राप्त कृतियों की भाषा या तो अपभ्रंश है या हिन्दी की



NEERAJ PUBLICATIONS www.neerajbooks.com

कोई उपभाषा है। ग्यारहवीं से लेकर चौदहवीं सदी तक का काव्य सामन्तीय एवं धार्मिक इन दो अनगढ़ भूमियों के मध्य प्रवाहित रहा। इसके पश्चात् भक्ति का द्वितीय चरण (युग) आरम्भ हो जाता है। इसके कालखण्ड के सम्बन्ध में दो मत हैं। एक वर्ग के विद्वान् सत्रहवीं शताब्दी के मध्य तक एक काव्यधारा को तथा सत्रहवीं सदी के मध्य से उन्नीसवीं सदी तक दूसरी काव्यधारा को स्वीकार करते हैं। दूसरे वर्ग के विद्वान् सम्पूर्ण कालखण्ड को एक ही काल सीमा में स्वीकार कर लेते हैं तथा दूसरी काव्यधारा की दो प्रवृत्तियों को अलग-अलग नाम दे देते है। इसमें दूसरा मत ही अधिक मान्य हैं। सन् 1857 की क्रांति भारत के इतिहास में एक महत्त्वपूर्ण घटना थी। राष्ट्रीय एवं राजनीतिक चेतना का यह आन्दोलन वास्तव में मध्ययुग की समाप्ति और आधुनिक युग के आरम्भ का प्रथम उद्घोष था। अतः आधुनिक युग का आरम्भ सन् 1857 ई. के पश्चात् माना जा सकता है।

## 1.5 नामकरण के आधार

यह एक स्वाभाविक प्रश्न है युगों के नामकरण का। आचार्य शुक्ल ने हिन्दी साहित्य के इतिहास को वीरगाथाकाल (भक्ति काल, रीति काल), मध्य काल, आधुनिक काल इस प्रकार विभाजित किया। उन्होंने जॉर्ज ग्रियर्सन तथा मिश्र बन्धुओं से अवश्य ही संकेत ग्रहण किया है। पर, नामकरण और उसके तर्क के पीछे उनकी अपनी व्याख्या है। शुक्ल जी के नामकरण से भक्ति काल या आधुनिक काल को यथावत् स्वीकार कर लिया गया है, परन्तु वीरगाथा काल और रीति काल के विषय में विवाद रहे हैं। 'वीरगाथा काल' के नामकरण के सन्दर्भ में आपत्ति मुख्यतया यह है कि इस काल की अधिकांश रचनाएँ अप्राप्य हैं तथा कुछ रचनाएँ परवर्ती काल की हैं। इस काल के कथ्य और माध्यम के रूपों में भी विविधता एवं अव्यवस्था है। ऐसी स्थिति में किसी एक प्रवृत्ति के आधार पर उनका नामकरण नहीं किया जा सकता है। रीतिकाल के सम्बन्ध में मतभेद की परिधि सीमित है। यहाँ विवाद का विषय इतना ही है कि इस युग में रीति तत्व प्रमुख है या श्रृंगार तत्त्व 'श्रृंगार काल' नामकरण करने पर अतिव्याप्ति दोष आ जाता है। चूँकि श्रृंगार भी रीतिबद्ध था। अतः रीति ही यहाँ प्रमुख है। आधुनिक काल को शुक्लजी ने प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय उत्थान कहा है। इनको क्रमशः भारतेन्दु काल तथा द्विवेदी काल कहा जा सकता है। तृतीय उत्थान को उन्होंने कोई नाम नहीं दिया। इसका कारण समभवतः इस काव्यधारा का प्रवाहमय रूप रहा।

## 1.6 हिन्दी साहित्य में प्रचलित काल-विभाग और नामकरण

हिन्दी-साहित्य के प्रारम्भिक इतिहासकारों – गार्सा द तासी तथा शिवसिंह सेंगर – ने काल-विभाजन की ओर ध्यान नहीं दिया। सर्वप्रथम जॉर्ज ग्रियर्सन ने अव्यवस्थित ढंग से हिन्दी-साहित्य के इतिहास को काल-क्रम देने का प्रयास किया था। ग्रियर्सन ने चारण काल, पन्द्रहवीं शती का धार्मिक पुनर्जागरण, जायसी की प्रेम कविता, ब्रज का कृष्ण सम्प्रदाय, मुगल दरबार, तुलसीदास, रीति-काव्य, अठारहवीं शताब्दी, कम्पनी के शासन में हिन्दुस्तान आदि शीर्षकों में साहित्य का काल-विभाजन किया। हमारे दृष्टिकोण से इसे काल-विभाजन कहना उचित नहीं है। वास्तव में ये विभिन्न अध्यायों के केवल शीर्षक मात्र हैं। इनमें कालक्रम की निरन्तरता भी नहीं है। इसके पश्चात् मिश्र बन्धुओं ने हिन्दी-साहित्य का काल-विभाजन किया। उनके द्वारा प्रस्तुत काल-विभाजन निम्नलिखित है–

| | |
|---|---|
| **(1) आरम्भिक काल** | (क) पूर्वारम्भिक काल (700 से 1343 वि०)<br>(ख) उत्तरारम्भिक काल (1344 से 1444 वि०) |
| **(2) माध्यमिक काल** | (क) पूर्व माध्यमिक काल (1445 से 1560 वि०)<br>(ख) प्रौढ़ माध्यमिक काल (1561 से 1680 वि०) |
| **(3) अलंकण्त काल** | (क) पूर्वालंकृत काल (1681 से 1790 वि०)<br>(ख) उत्तरालंकृत काल (1791 से 1889 वि०) |
| **(4) परिवर्तन काल** | (1890 से 1925 वि०) |
| **(5) वर्तमान काल** | (1926 वि० से अध्यावधि) |

हिन्दी साहित्य इतिहास लेखन की परम्परा में सर्वोच्च एवं महत्त्वपूर्ण स्थान रामचन्द्र शुक्ल और उनके 'हिन्दी साहित्य का इतिहास' का है। यह ग्रन्थ मूलतः 'नागरी प्रचारिणी सभा' द्वारा प्रकाशित 'हिन्दी शब्द सागर' की भूमिका के रूप में लिखा गया था, जिसे कालान्तर में परिवर्द्धित एवं संशोधित करके स्वतन्त्र पुस्तक का रूप दिया गया। इसके आरम्भ में ही शुक्ल जी लिखते हैं–"जब कि प्रत्येक देश का साहित्य वहाँ की जनता की चित्तवृत्ति का संचित प्रतिबिम्ब होता है, तब यह निश्चित है कि जनता की चित्तवृत्ति के परिवर्तन के साथ-साथ साहित्य के स्वरूप में भी परिवर्तन होता चला जाता है। आदि से अन्त तक इन्हीं चित्तवृत्तियों की परम्परा को परखते हुए साहित्य परम्परा के साथ उनका





NEERAJ PUBLICATIONS www.neerajbooks.com

सामंजस्य दिखाना ही 'साहित्य का इतिहास' कहलाता है। जनता की चित्तवृत्तियां बहुत कुछ राजनीतिक, सामाजिक, साम्प्रदायिक तथा धार्मिक परिस्थिति के अनुसार होती हैं।" अपने इस कथन में शुक्लजी ने साहित्य के इतिहास लेख के प्रति एक निश्चित तथा सुस्पष्ट अवधारणा का परिचय दिया है। उनकी दृष्टि वैज्ञानिक तथा विकासवादी रही है। उन्होंने हिन्दी साहित्य के नौ सौ वर्षों के इतिहास को चार खण्डों (कालों) में विभाजित कर दिया।

(1) आदि काल (वीरगाथा काल, संवत् 1050 से 1375 वि०)

(2) पूर्व-मध्य काल (भक्ति काल, संवत् 1375 से 1700 वि०)

(3) उत्तर-मध्य काल (रीति काल, संवत् 1700 से 1900 वि०)

(4) आधुनिक काल (गद्य काल, संवत् 1900 से अब तक)

आचार्य शुक्ल ने सम्पूर्ण भक्ति काल को शुद्ध दार्शनिक एवं धार्मिक आधार पर प्रतिष्ठत किया। अपने इतिहास में शुक्लजी ने कवियों और साहित्यकारों के जीवन-चरित सम्बन्धी इतिवृत्त के स्थान पर उनकी कृतियों के साहित्यिक मूल्यांकन को प्रमुखता दी है। हिन्दी साहित्य-इतिहास के लेखन में शुक्लजी का महत्त्वपूर्ण स्थान है।

आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के पश्चात् आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी ने 'हिन्दी साहित्य की भूमिका' में विभिन्न तथ्यों और निष्कर्षों का प्रतिपादन किया है। यह तथ्य हिन्दी साहित्य के इतिहास-लेखन की 'परम्परा' में नवीन दृष्टि, नवीन सामग्री और नई व्याख्या प्रदान करते हैं। आचार्य द्विवेदी ने युगीन परिस्थितियों को नकार कर परम्परा पर विशेष बल दिया। इसी परम्परा में द्विवेदीजी की अन्य लिखित कृतियों में 'हिन्दी साहित्य : उद्भव और विकास', 'हिन्दी साहित्य का आदि काल' हैं। इनमें द्विवेदीजी ने हिन्दी साहित्य के इतिहास की पूर्व परम्पराओं के अनुसन्धान तथा उसकी सहानुभूतिपूर्ण यथातथ्य व्याख्या की है।

ऐतिहासिक चेतना एवं पूर्व परम्परा बोध की दृष्टि से द्विवेदीजी हिन्दी के सबसे अधिक सशक्त इतिहासकार हैं। उनका काल-विभाजन, काव्यधारा की नियोजना और इतिहास की रूपरेखा आचार्य शुक्ल के इतिहास के अनुरूप है।

डॉ० रामकुमार वर्मा ने अपने 'हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास' नामक ग्रन्थ में सात प्रकरणों के आधार पर हिन्दी साहित्य के सन् 693 ई० 1693 ई० तक के समय को सन्धि काल, चारण काल, भक्ति काल की अनुक्रमणिका, भक्ति काल, प्रेमकाव्य, रामकाव्य, कृष्णकाव्य में बाँटा है। उन्होंने ने स्वयंभू को हिन्दी का पहला कवि स्वीकार किया है। डॉ० रामकुमार वर्मा ने अपनी पुस्तक 'हिन्दी साहितय का ऐतिहासिक अनुशीलन' में हिन्दी साहित्य का काल-विभाजन इस प्रकार किया है–

**1. सन्धि-काल**–सं० 750 से प्रारम्भ; इसमें अपभ्रंश और जन-भाषा की सन्धि में विविध धार्मिक सम्प्रदायों का प्रवर्तन हुआ।

**2. चारण-काल**–प्रारम्भ सं० 1000; इसमें चारणों ने स्वदेशाभिमानी नरेशों की प्रशस्तियाँ लिखी हैं।

**3. प्रेम कथा या लोक कथा-काल**–इस काल में आदर्श प्रेम की लोकरंजनकारिणी कथाएं लिखी गईं।

**4. भक्ति-काल**–प्रारम्भ संवत् 1300; इसमें आध्यात्मवाद के देशव्यापी आन्दोलन और उसकी शाखा-प्रशाखाओं का साहित्य है।

**5. कला काल**–प्रारम्भ संवत् 1700; भक्ति का शृंगार भाव में परिवर्तित होना।

**6. प्रबुद्ध-काल**–प्रारम्भ सं० 1900; ज्ञान के विविध क्षेत्रों में विश्लेषणात्मक प्रवृत्ति का जागृत होना, जीवन से सम्बद्ध समस्त विषयों पर साहित्य सृजन।

'नागरी प्रचारिणी सभा, काशी' द्वारा 'हिन्दी साहित्य का वृहत् इतिहास' सोलह भागों में अलग-अलग विद्वानों के सम्पादन में तथा विभिन्न लेखकों के सहयोग से प्रकाशित किया गया है। इस ग्रन्थ के लेखन-सम्पादन में कुछ सामान्य सिद्धान्तों, काव्य पद्धतियों का निर्धारण किया गया है। इस योजना के द्वारा हिन्दी साहित्य इतिहास की बिखरी हुई सामग्री को सूत्रबद्ध किया गया है।

विभिन्न विद्वानों के सहयोग से लिखित इतिहास ग्रन्थों में डॉ० धीरेन्द्र वर्मा के सम्पादन में प्रकाशित हिन्दी साहित्य तथा डॉ० नगेन्द्र के सम्पादन में प्रकाशित 'हिन्दी साहित्य का इतिहास' महत्त्वपूर्ण कृतियाँ हैं। इन दोनों ही ग्रन्थों में प्रत्येक काल की काव्य परम्पराओं का विवरण अविच्छिन्न रूप में प्रस्तुत किया गया है।

इसी परम्परा में डॉ० गणपतिचन्द्र गुप्त का 'हिन्दी साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास', हरिश्चन्द्र वर्मा का 'हिन्दी साहित्य का इतिहास' भी हैं। इसके अतिरिक्त हिन्दी साहित्य के विविध कालखण्डों या सम्प्रदायों को लेकर भी अनेक शोध-प्रबन्ध तथा समीक्षा ग्रन्थ लिखे गए हैं। यह कृतियाँ हिन्दी साहित्य के सम्पूर्ण इतिहास को नहीं, अपितु उसके किसी एक अंग, एक पक्ष या काल को नूतन ऐतिहासिक दृष्टि तथा नवीन वस्तु प्रदान करती हैं। इनमें डॉ० नगेन्द्र का "रीतिकाल की भूमिका", श्री परशुराम चतुर्वेदी का "उत्तरी भारत की सन्त काव्य परम्परा", डॉ० भगरीथ मिश्र का "हिन्दी काव्यशास्त्र पात्र का इतिहास", श्री प्रभुदयाल मीतल का "चैतन्य सम्प्रदाय और उसका साहित्य", डॉ० विजयेन्द्र स्नातक का "राधावल्लम सम्प्रदाय सिद्धान्त और साहित्य", श्री विश्वनाथ प्रसाद मिश्र का "हिन्दी साहित्य का अतीत, वाङ्मय विमर्श", श्री चन्द्रकान्त बाली